उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल 2024

चर्चा में क्यों?

भारतीय ओलंपिक संघ (Indian Olympic Association- IOA) की अध्यक्ष **पी. टी. उषा** ने हाल ही में घोषणा की है कि उत्तराखंड 2024 में राष्ट्रीय खेलों की मेज़बानी करेगा।

प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड पहली बार राष्ट्रीय खेलों के **38 वें संस्करण** की मेज़बानी करेगा। ये खेल अक्तूबर 2024 में आयोजित किये जायेंगे।
- **देहरादून, हलद्वानी और हरिद्वार** सहित उत्तराखंड के विभिन्न शहर कार्यक्रमों की मेज़बानी करेंगे।
- राष्ट्रीय खेल 2024 में 30 से अधिक **खेल विधाएँ** शामिल होंगी।
- **भारतीय ओलंपिक संघ:**
    - IOA भारत में ओलंपिक आंदोलन और राष्ट्रमंडल खेलों का शासी निकाय है।
    - अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (International Olympic Committee- IOC), राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (Commonwealth Games Federation- CGF), एशियाई ओलंपिक परिषद (Olympic Council of Asia- OCA) और राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के संघ (Association of National Olympic Committees- ANOC) के संबद्ध सदस्य के रूप में, IOA देश में खेल प्रशासन और एथलीटों के कल्याण के विभिन्न पहलुओं का प्रबंधन करता है।
    - IOA ओलंपिक खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और IOC, CGF, OCA और ANOC की अन्य अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले एथलीटों या टीमों के प्रतिनिधित्व की देखरेख करता है।
    - खेलों में भागीदारी के अलावा, IOA ने खेल शिक्षा और ओलंपिक अध्ययन के विकास के लिये विभिन्न हितधारकों के साथ अनेक पहल भी की हैं।
    - **IOA को युवा मामले और खेल मंत्रालय** द्वारा मान्यता प्राप्त है।
- **स्थापना:**
    - इसकी स्थापना वर्ष 1927 में हुई थी तथा सर दोराबजी टाटा इसके संस्थापक अध्यक्ष और डॉ. ए.जी. नोहरेन इसके महासचिव थे।
    - यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 **के तहत एक गैर-लाभकारी संगठन** के रूप में पंजीकृत है।
- **सदस्य:**
    - IOA के सदस्यों में **राष्ट्रीय खेल महासंघ (National Sports Federations- NSF)** , राज्य ओलंपिक संघ, IOC सदस्य और अन्य चुनिंदा बहु-खेल संगठन शामिल हैं।
    - ओलंपिक चार्टर के अनुसार, NSF की सदस्यता में ज़्यादातर वे NSF शामिल होते हैं जो **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों, शीतकालीन ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों** के खेल कार्यक्रम में शामिल खेलों को नियंत्रित करते हैं।
- **शासन:**
    - वर्तमान में इसका संचालन राष्ट्रपति की अध्यक्षता वाली **32 सदस्यीय कार्यकारी परिषद** द्वारा किया जाता है।
    - कार्यकारी परिषद के लिये चुनाव प्रत्येक चार वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है।
    - कार्यकारी परिषद के कामकाज में IOA की विभिन्न स्थायी समितियों द्वारा भी सहायता प्रदान की जाती है, जो शासन के विभिन्न पहलुओं में सहायता के लिये विषय-क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ गठित की जाती हैं।

राष्ट्रीय खेल

- **पृष्ठभूमि:** ओलंपिक आंदोलन, जिसने **1920 के दशक** में राष्ट्र का ध्यान आकर्षित किया, में **राष्ट्रीय खेल शामिल** हैं। भारत में **राष्ट्रीय खेलों की** कल्पना सबसे पहले भारतीय ओलंपिक खेलों के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य राष्ट्र में ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देना था।
    - वर्ष 1924 में अविभाजित पंजाब के लाहौर में **भारतीय ओलंपिक खेलों** का **प्रथम संस्करण** आयोजित किया गया।
    - भारतीय ओलंपिक खेलों को वर्ष 1940 में **राष्ट्रीय खेलों** का नाम दिया गया था। इस प्रतियोगिता में कई भारतीय राज्यों के एथलीट विभिन्न खेल विधाओं में एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्द्धा करते हैं।
- **उद्देश्य:**
    - ये भारतीय एथलीटों, खेल संगठनों आदि के लाभ के लिये आयोजित किये जाते हैं।
    - **वे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों** के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल बुनियादी ढाँचे के विकास की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने में

मदद करते हैं।
  - इसका उद्देश्य खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिये बड़ी संख्या में युवाओं को आकर्षित करना है।
  - इसका उद्देश्य जीवन के सभी क्षेत्रों के व्यक्तियों में खेल संस्कृति को विकसित करना तथा उन्हें स्वस्थ समाज के निर्माण में खेलों के महत्त्व के बारे में शिक्षित करना है।
- **अधिकार क्षेत्र: राष्ट्रीय खेलों** की अवधि और नियम पूरी तरह से **भारतीय ओलंपिक संघ** के अधिकार क्षेत्र में हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-games-2024-in-uttarakhand